मॉडल प्रश्न–पत्र–II

कक्षा – बारहवीं

विषय – इतिहास

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश–1. प्रश्न क्रमांक 1 में चार खण्ड है। प्रत्येक खंड में 5–5 अंक आबंटित है।

2. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 25 शब्द है।
3. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

प्रश्न 1. **(खण्ड 'अ') सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

(1) 1707 ई. में औरंगजेब का उत्तराधिकारी बना था–

(अ) बहादुर शाह जफर (ब) शाह आलम

(स) सलीम खाँ (द) जहाँगीर

(2) भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन कब समाप्त हुआ ?

(अ) 1857 (ब) 1858

(स) 1860 (द) 1862

(3) हड़प्पा की लिपि में लगभग कितनी संख्या में चिन्ह है ?

(अ) 200 (ब) 300

(स) 400 (द) 500

(4) बंगाल विभाजन की घोषणा किस गवर्नर जनरल ने की थी ?

(अ) लार्ड वेलेजली (ब) लार्ड कार्नवालिस

(स) लार्ड डलहौजी (द) लार्ड कर्जन

(5) वेदों की संख्या कितनी है ?

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार

(खण्ड 'ब') रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(1) .... ने विक्रमशिला विश्व विद्यालय की नींव रखी थी।

(2) शिवाजी का राज्याभिषेक .... ई. में हुआ था।

(3) 18वीं शताब्दी तक उच्च शिक्षा का माध्यम .... थी।

(4) प्रथम विश्व युद्ध की शुरूआत .... ई. में हुई थी।

(5) ब्रम्ह समाज की स्थापना .... ने की थी।

(खंड 'स') सत्य/असत्य बताइए–

(1) बुद्ध ने अपने उपदेश संस्कृत भाषा में दिये थे।

(2) मौर्य साम्राज्य की स्थापना अशोक ने की थी।

(3) तराई का प्रथम युद्ध मोहम्मद गोरी तथा पृथ्वीराज चौहान के बीच लड़ा गया था।

(4) अलबर्ट आइंस्टाइन ने सापेक्षता का सिद्धांत प्रतिपारित किया ।

(5) कर्मकांड हमारी संस्कृति का अंग नहीं है।

(खण्ड 'द') सही जोड़ी मिलाइए–

(1)	महावीर स्वामी	–	संपत्ति पलायन सिद्धांत
(2)	वेलेजली	–	आश्रित का सिद्धांत
(3)	मगध	–	दिगम्बर
(4)	दादा भाई नौरोजी	–	सहायक संधि
(5)	डब्ल्यू डब्ल्यू रोस्टो	–	महाजनपद

प्रश्न 2. वैदिक ग्रंथों में से कौन से ग्रंथों को मंत्रों की श्रेणी में रखा गया ?

प्रश्न 3. बुद्ध ने अपने सिद्धांतों के प्रचार के लिए किन भाषा का प्रयोग किया ?

प्रश्न 4. जौनपुर के शासकों के वंश को किस नाम से जाना गया ?

प्रश्न 5. कश्मीर का अकर किसे कहते हैं ?

प्रश्न 6. पीर कौन थे ?

प्रश्न 7. पानीपत का प्रथम युद्ध किन–किन के मध्य हुआ था ?

प्रश्न 8. भारत का पहला समाचार पत्र कौन–सा था ? और यह कब प्रकाशित हुआ था ?

प्रश्न 9. स्वराज पार्टी की स्थापना कब और किसके द्वारा की गई थी ?

प्रश्न 10. 'नाटो' संगठन का पूरा नाम क्या है ?

प्रश्न 11. जनसंख्या वृद्धि किस प्रकार दो विश्व युद्धों से प्रभावित हुई ?

प्रश्न 12. 7वीं एवं 8वीं शताब्दी में कुमार नाम किसका द्योतक था ?

प्रश्न 13. पाण्डुलिपि निर्माण महंगा क्यों था ?

प्रश्न 14. उत्तर वैदिक काल में महिलाओं पर किस प्रकार के प्रतिबंध लगाये गये थे ?

प्रश्न 15. प्रतीकात्मक मुद्रा के सिद्धांत का वर्णन करें।

प्रश्न 16. 19वीं शताब्दी में हिन्दु समाज में कौन–कौन सी कुरीतियाँ व्याप्त थी ? उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 17. निजी संपत्ति की समाप्ति का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 18. शहरीकरण से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 19. खिलजी युग की प्रमुख तीन विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 20. बौद्ध धर्म के संस्थापक कौन थे ? बौद्ध धर्म के तीन प्रमुख सिद्धांतों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

तंत्रवाद के उदय के चार कारण लिखिए।

प्रश्न 21. किस आधार पर इतिहासकार 18वीं शताब्दी को अंधेरा युग कहते हैं ?

अथवा

सल्तनतकाल के अधीन स्थानीय प्रशासन के कार्यों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 22. विवेकानंद के दृष्टिकोण से धर्म और राष्ट्रीयता में परस्पर क्या संबंध था ?

अथवा

औद्योगीकरण ने यूरोप में राष्ट्रवाद को विकसित करने में किस प्रकार दिशा दी।

प्रश्न 23. एक वैश्विक गाँव एवं साधारण गाँव के सम्प्रेषण में तुलना कीजिए ?

अथवा

कुछ प्रमुख विज्ञापित उत्पादनों का वर्णन कीजिए। वे कहाँ निर्मित किये जा रहे हैं व उनकी कीमत क्या है ?

प्रश्न 24. इतिहास के मुख्य स्रोत के रूप में सिक्कों के महत्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

हड़प्पा कालीन नगर योजना की 5 प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 25. अमीरों और गरीबों की जिंदगी का चित्रण शहर किस प्रकार करते हैं ?

अथवा

बीसवीं सदी के दौरान हुए सांस्कृतिक परिवर्तन में शिक्षा और विद्यार्थियों की भूमिका का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 26. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के विकास के क्या कारण थे ? उल्लेख कीजिए।

अथवा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन कब हुआ ? इसके प्रमुख उद्देश्य क्या थे ?

प्रश्न 27. द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

1917 बोल्शेविक क्रांति का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ? वर्णन कीजिए।